कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर ग्रामीण जयपुर

दिनांक:-14-10-2022

प्रेस नोट

**सजग ग्राम कार्यक्रम**

श्रीमान् महानिदेशक महोदय, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार **सजग ग्राम योजना** के तहत आज दिनांक 14-10-2022 को ग्राम पंचायत **लोरड़ी धमाणा** मे संचालित राजकीय कार्यालय (ग्राम पंचायत, शिक्षा विभाग, आंगनबाड़ी इत्यादि) जनप्रतिनिधि (सरपंच प्रतिनिधि, वार्ड पंच) एवं आमजन के साथ **समन्वय स्थापित कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ एवं कार्यक्रमो की वास्तविक लाभार्थियो तक पहुंचाने के लिए समझाईश की गयी। मिटिंग के दौरान सार्वजनिक तालाब की दीवार के पुर्ननिर्माण व जन जीवन मिशन के अर्न्तगत मरम्मत संबंधी कार्यो को करवाने का ग्रामवासियो द्वारा आग्रह किया गया इस संबंध मे संबंधित विभाग/अधिकारियो से पृथक से पत्राचार किया जावेगा। राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ के संबंध में आमजन को जानकारी दी गयी व सम्बन्धित सरकारी विभागो मे पात्रता रखने वाले आमजन को उनके वैद्य कार्यो को करवाने मे सहयोग हेतु जानकारी दी गयी व उपस्थित लोगो को उनके वैद्य कार्यो के लिए रिश्वत नही देने व उपस्थित सरकारी कर्मचारियो को रिश्वत नही लेने की शपथ दिलाई गई तथा ब्यूरो द्वारा प्रसारित हैल्प लाईन नं0 1064 तथा वाट्सअप हैल्पलाईन नम्बर 9413502834 के बारे मे जानकारी दी गई।**

**(आहद खान)**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
जयपुर ग्रामीण, जयपुर।